कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा

E-mail-eecdalmorapwd@rediffmail.com

पत्रांक 1598 /3सी (व.भू)  दिनांक 17 /06/2022

**सेवा में,**

प्रभागीय वनाधिकारी
अल्मोड़ा वन प्रभाग,
अल्मोड़ा।

विषयः– जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के विकासखण्ड ताकुला के अन्तर्गत मनान से चन्द्रपुर तक लिंक मोटर मार्ग का नव निर्माण (लम्बाई 2.00 किमी०)

संदर्भः– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षक, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्रांक–2734/FP/UK/ROAD/151552/2022 Dated 12-05-2022

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि उक्त विषयक वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में 8 बिन्दुओं पर लगायी गयी आपत्तियों का निराकरण कर बिन्दुवार आख्या तैयार कर आनलाईन प्रेषित की जा रही है, जो निम्नवत् है–

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 1. प्रस्ताव में संलग्न SIR अपूर्ण है, SIR के बिन्दु संख्या– A और B विकल्पों पर यथास्थान टिक नहीं किया गया है और न ही प्रपत्र पर अपनी संस्तुति नहीं की गयी है। | इस बिन्दु का निराकरण प्रभागीय वनाधिकारी स्तर से किया जाना है। |
| 2. भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र भाग – 1 प्रस्ताव के अन्तिम पृष्ठ पर संलग्न किया गया है। प्रपत्र को प्रस्ताव में यथास्थान संलग्न किया जाय। | भाग – 1 प्रपत्र को आनलाईन कर लिया गया है। |
| 3. प्रस्ताव में सम्बन्धित वन संरक्षक की संस्तुति सम्बन्धी प्रपत्र को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र भाग–1 से भाग–3 के अनुसार क्रमवार प्रस्ताव में संलग्न किया जाय। | इस बिन्दु का निराकरण वन संरक्षक स्तर से किया जाना है। |
| 4. प्रस्ताव में मलवा निस्तारण योजना प्रस्ताव में संलग्न करने का कष्ट करें। | मलवा निस्तारण योजना प्रस्ताव गठित कर आनलाईन कर लिया गया है। |
| 5. प्रस्ताव में प्रभावित होने वाले वृक्षों की संख्या अत्यधिक है, पातित होने वाले वृक्षों की संख्या को न्यूनतम तक सीमित करने का कष्ट करें। | मोटर मार्ग मे प्रभावित होने वाले वृक्षों की गणना न्यूनतम ही की गयी है। |
| 6. प्रस्ताव में पृष्ठ संख्या अंकित करते हुये विषयसूची संलग्न करने का कष्ट करें। | प्रस्ताव में पृष्ठ संख्या अंकित करते हुये विषयसूची पुनः आनलाईन कर ली गयी है। |
| 7. प्रस्ताव में भू–वैज्ञानिक द्वारा दिये गये सुझावों का अनुपालन सम्बन्धी प्रमाण–पत्र संलग्न करें। | प्रस्ताव में भू–वैज्ञानिक द्वारा दिये गये सुझावों का अनुपालन आख्या का प्रमाण–पत्र आनलाईन कर लिया गया है। |
| 8. प्रश्नगत परियोजना में नाप भूमि प्रभावित हो रही है। प्रभावित होने वाली नाप भूमि के भू–स्वामियों का राजस्व अभिलेख एवं अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्ताव में संलग्न करें। | प्रभावित होने वाली नाप भूमि के भू–स्वामियों के अनापत्ति प्रमाण–पत्र आनलाईन कर प्रेषित किये जा रहे हैं। |

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0विभाग, अल्मोड़ा